मुख्यमंत्री ने जनपद गोरखपुर में टोरेंट गैस के सिटी गैस स्टेशन का उद्घाटन किया

चर्चा में क्यों?

3 अक्टूबर, 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद गोरखपुर के खानीपुर में **टोरेंट गैस के सिटी गैस स्टेशन** का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- **सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क** के प्रथम चरण में 101 घरेलू कनेक्शन और 1 औद्योगिक कनेक्शन को पाइप प्राकृतिक गैस (पीएनजी) की आपूर्ति की जाएगी।
- इस अवसर पर उन्होंने 8 सीएनजी स्टेशन तथा 13 पीएसए ऑक्सीजन प्लॉन्ट का लोकार्पण किया तथा 5 महिलाओं को घरेलू पाइप प्राकृतिक गैस के कनेक्शन का प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया।
- उल्लेखनीय है कि **रसोई गैस सिलिंडर की तुलना में पीएनजी सस्ती** है तथा इसमें **35 से 40 प्रतिशत की आर्थिक बचत** भी है।
- टोरेंट गैस को गोरखपुर नगर में **आगामी मार्च माह तक 10 हज़ार परिवारों को कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य** दिया गया है।
- इस गैस कंपनी ने जनपद गोरखपुर के साथ-साथ जनपद कुशीनगर और संतकबीर नगर के लिये पीएनजी की आपूर्ति की कार्यवाही को आगे बढ़ाया है। **प्रदेश के 15 जनपदों में पीएनजी गैस आपूर्ति के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है**।
- केंद्र सरकार ने प्रदेश को 127 ऑक्सीजन प्लॉन्ट प्रदान किये हैं। साथ ही, टोरेंट गैस कंपनी प्रदेश में 13 ऑक्सीजन प्लॉन्ट स्थापित कर रही है।
- इस प्रकार प्रदेश में कुल 547 ऑक्सीजन प्लॉन्ट लगाए जा रहे हैं, जिनमें लगभग 490 ऑक्सीजन प्लॉन्ट तैयार हो चुके हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/city-gas-station-of-torrent-gas-in-gorakhpur